तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 झीनपुरी और गहनिया जलाशय से बुझेगी ग्रामीणों की प्यास




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को 20 लाख रुपए ग्रेच्युटी भुगतान का मामला लटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलइंडिया के लगभग 14 हजार सेवानिवृत्त कर्मियों को 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी भुगतान का मामला अभी तक अधर में है। इन सेवानिवृत्त कर्मियों को कोल इंडिया प्रबंधन व मजदूर संगठनों की ओर से निराशा ही हाथ लगी है। न्यायालय में भी कुछ माह पूर्व गुहार लगायी गयी थी। इसके बाद आरएलसी नागपुर द्वारा आदेश जारी कर कहा गया था कि जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को ग्रेच्युटी की अंतर राशि का भुगतान करना है। दो महीने के अंदर भुगतान नहीं किया गया तो 10 फीसदी ब्याज के हिसाब से भुगतान करना होगा। इस फैसले के बाद डब्ल्यूसीएल प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है फिलहाल मामले की सुनवाई जारी है।

इधर आरएलसी के आदेश के बाद सेवानिवृत्त कर्मियों में आस जगी थी लेकिन कई माह बाद भी स्थिति यथावत है। मजदूर संगठन भी इस मामले तो उठाते-उठाते अब थक गये हैं लेकिन आस नहीं छोड़ी है। इस मामले को ट्रेड यूनियन द्वारा जेबीसीसीआइ की बैठक में उठाया जाता रहा है। 11वें वेतन समझौता के समय भी जेबीसीसीआइ नेताओं ने ⏭ शेष पेज 3 पर

## 10 फीसदी ब्याज के हिसाब से किया जाएगा भुगतान

**खास बात**

- आरएलसी नागपुर ने 14 हजार सेवानिवृत्त कोल कर्मियों की ग्रेच्युटी की अंतर राशि भुगतान का दिया था ओश




## क्या है मामला

केंद्र सरकार द्वारा ग्रेच्युटी संबंधित एक नोटिफिकेशन 2018 में जारी किया गया था। इसमें ग्रेच्युटी भुगतान का सीलिंग 10 लाख रुपये से बढ़ा कर 20 लाख की गयी थी। इसके तहत कोल इंडिया में जनवरी 2017 से लेकर फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों व कर्मियों को लाभान्वित होना चाहिए था। मगर कोल इंडिया ने जनवरी 2018 में एक आदेश जारी कर बताया कि एक जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को ग्रेच्युटी का एरियर 20 लाख रुपया भुगतान किया जायेगा। मार्च 2018 के बाद सेवा में मुक्त किये गये कर्मियों को 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी के रूप में भुगतान किया जायेगा। इसके कारण जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को 10 लाख रुपया ही ग्रेच्युटी के रूप में भुगतान किया गया था।

## खबर संक्षेप

### जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक आज

**कोरबा।** मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में 3 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है। प्रबंधक मार्गदर्शी बैंक कोरबा ने बताया कि बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजना पर चर्चा, पीएम सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा एवं पीएम स्वनिधि योजना पर भी चर्चा की जाएगी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण और पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

### अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ श्रद्धालुओं का पहला समूह

**कोरबा।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित बाबा बर्फानी अमरनाथ की यात्रा शुरू हो गई है। श्रावण पूर्णिमा तक चलने वाली इस यात्रा में शामिल होने के लिए जिले से पहला समूह आज रवाना हुआ। इनमें अनूप मंडल, मुकेश सोनी, आशीष अग्रवाल, प्रदीप विश्वकर्मा, संजय कुमार, संतोष मंडल और कालका सोनी शामिल है। बस स्टैंड में इन सभी का स्वागत सत्कार कर शुभकामनाएं दी गई। बताया गया कि यह श्रद्धालु पहलगाम के रास्ते चंदनवाड़ी, शेषनाग, पंचतरणी होते हुए पवित्र गुफा तक पहुंचेंगे। वैष्णो देवी के दर्शन के बाद यह 15 जुलाई को कोरबा लौटेंगे।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा 5 को

**कोरबा।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष) योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में किया जायेगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व उपस्थित होना होगा।

### लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में बालक/बालिका कक्षा 11 वीं में 6 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रयास आवासीय विद्यालय बालक/कन्या डिंगापुर में चयन हेतु प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय/अशासकीय शालाओं से कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी होना चाहिये। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। प्राप्त आवेदन के पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 14 जुलाई को किया जायेगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में आयोजित की जायेगी।

## रजगामार चौकी क्षेत्र के भुलसीडीह के समीप की घटना

# भाजपा नेता की कार में तोड़फोड़ मारपीट कर लूटपाट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराने विवाद को लेकर भाजपा नेता की कार को रोककर जमकर तोड़फोड़ की गई और उसकी बेरहमी से पिटाई कर सोने की चैन, 60 हजार रुपए लूट लिए गए। घायल भाजपा नेता को उपचार के लिए स्थानीय हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 309, 324, 126 (2), 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के भुलसीडीह के समीप की घटना
- देर रात को घर वापस लौटते समय बीच रास्ते में रोका था वाहन




क्षतिग्रस्त कार।

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुलसीडीह निवासी कपिलेश्वर धीरज 39 वर्ष पिता राम प्रसाद धीरज भाजपा किसान मोर्चा मंडल मंत्री के पद पर हैं। वे ग्राम भुलसीडीह में पोल्ट्री फार्म का भी संचालन करते हैं।। बताया जाता है कि एक जुलाई को रात लगभग 10 बजे भुलसीडीह स्थित अपने पोल्ट्री फार्म से कपिलेश्वर धीरज अपनी कार क्रमांक सीजी 12 बीएफ 9223 में सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में लक्ष्मी खांडे, अरुण खांडे, संदीप खांडे, गंगाराम रात्रे सहित अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और उनकी कार में जमकर तोड़फोड़ करते हुए कपिलेश्वर धीरज की बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपियों ने कपिलेश्वर धीरज की सोने की चैन नगद रकम लगभग 60 हजार रुपए उनकी जेब से निकाले व मौके से फरार हो गए। कपिलेश्वर को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। रजगामार पुलिस के मुताबिक दूसरे पक्ष ने भी इस मामले की लिखित शिकायत की है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है और मामले में काउंटर अपराध दर्ज किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले ही पुराने विवाद को लेकर एक भाजपा नेता की रिसदी रोड में कुछ लोगों ने मिलकर बेरहमी से पिटाई कर उसके दोनों पैर तोड़ दिया था। मामला तूल पकड़ते ही पुलिस ने हमलावर लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज सलाखों के पीछे भेज दिया था। वहीं दूसरी ओर मामले में एक आरोपी के अवैध रूप से बने मकान को भी जमींदोज किया गया।



घायल भाजपा नेता।

# लुटेरों की तलाश के लिए पुलिस ने झोंकी ताकत, एसपी स्वयं डाले हुए हैं डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी स्थित सराफा कारोबारी से लूटपाट के मामल में 24 घंटे बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। लेकिन उनकी धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक स्वयं कटघोरा थाने में ही डेरा जमाये हुए हैं और उनके अधीन पुलिस की विशेष टीम आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**खास बात**

- छुरी में सराफा कारोबारी से लूटपाट का मामला

उल्लेखनीय है कि कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुरी रोड में राजकुमार अग्रवाल 59 वर्ष पिता गुलाबचंद अग्रवाल द्वारा राज ज्वेलर्स के नाम से सराफा दुकान का संचालन किया जाता है। बुधवार की दोपहर मोटर साइकिल सवार तीन लोग अंगूठी खरीदने के नाम पर पहुंचे थे। जिन्होंने राजकुमार अग्रवाल पर कट्टा तान कर लूटपाट का प्रयास किया था। लेकिन राजकुमार अग्रवाल ने लुटेरों को रोकते हुए कट्टा को ही छीनने का प्रयास किया था। इस दौरान हुज्जतबाजी के दौरान पकड़े जाने के डर से मौके पर ही अपनी गाड़ी व कट्टा छोड़कर भाग निकले थे। वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व उनकी पूरी टीम आरोपियों को पकड़ने में लगे हुए हैं। बुधवार की देर रात तक श्री तिवारी कटघोरा थान में ही डेरा जमाए रहे। और अपने अधिनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे। वहीं गुरुवार को भी श्री तिवारी कटघोरा थाना पहुंचकर आरोपियों के धरपकड़ के लिए अपनी टीम के साथ स्वयं लगे रहे।

बताया जाता है कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की विशेष टीम लगी हुई है। पुलिस को आरोपियों के संबंध में कुछ अहम क्लू हाथ लगे हैं। जिसके आधार पर पुलिस सूत्रों को पिरोते हुए आरोपियों के धरपकड़ के प्रयास में लगी हुई है। आरोपियों में एक आरोपी महिला के वेश में पहुंची थी। जो दुकान संचालक पर हमला भी किया था।

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण में लापरवाही सरपंच-सचिव को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत करतला ने ग्राम पंचायत बरकोन्हा की सरपंच और सचिव को आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार वर्ष 2025-26 में 11.69 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन के लिए 9.352 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य केवल छत स्तर तक ही पहुंच पाया है।

जनपद पंचायत ने इसे शासकीय कार्य के प्रति उदासीनता और गंभीर लापरवाही माना है और बरकोन्हा सरपंच कीर्तिलता रविया और सचिव उत्तरा कुमार गुप्ता को तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने तथा संबंधित उप अभियंता से संपर्क कर 30 जून तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित सरपंच और सचिव की होगी। कलेक्टर द्वारा जिले में लगातार दौरा कर निर्माणाधीन आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला भवन का निरीक्षण कर अधूरे कार्यों वाले भवनों पर खाशा नाराजगी जताई है जिन्हें जल्द ही पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं जिसके चलते अब करतला जनपद द्वारा लगातार ऐसे अधूरे कार्यों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी का कार्यवाही किया जा रहा है तथा अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# सबस्टेशन में लूटपाट के मामले में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल बलगी में प्रधान सुरक्षा प्रहरी संजय कुमार पिता स्व. समयलाल लदेर उम्र 40 साल ने 23 मई को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 मई की रात लगभग 1:30 बजे बलगी सब स्टेशन में चोरों के द्वारा बलात प्रवेश कर गाली गलौच मारपीट कर पाईप एवं केबल चोरी कर ले गये तथा जान से मारने की धमकी दी गई थी और सब स्टेशन में रखे केबल 100 मीटर कीमती लगभग 4000 रूपये चोरी कर ले गये थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लुटेरों के किलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर बांकीमोंगरा थाना प्रभारी व उनकी टीम ने लूटपाट में शामिल अर्जुन सिंह, निखिल, दीपक केवट उर्फ अंकु, एक अन्य उनके साथी का होना पता चला था। विवेचना किया गया विवेचना दौरान दो आरोपी अर्जुन सिंह, 1 अपचारी बालक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। अन्य 2 आरोपी दीपक केंवट उर्फ अंकु एवं सुमित कुमार मार्को घटना दिनांक से फरार थे जिन्हें गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# लंबे इंतजार के बाद आखिरकार निगम में एल्डरमेनों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के द्वारा बहुप्रतीक्षित एल्डरमैनों की सूची जारी कर दी गई है। जिले के नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में एल्डरमैनों की नियुक्ति नगर पालिक निगम अधिनियम के तहत की गई है।

**खास बात**

- कटघोरा, दीपका, बांकीमोंगरा पाली व छुरीकला में एल्ड़रमैनों की सूची हुई जारी

नगर निगम में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार एल्डरमैनों की नियुक्ति कर दी गई है। निगम में कुल 11 लोगों को एल्डरमैन बनाया गया है जिनमें ईश्वर साहू, दीपक यादव, शिव बालक सिंह तोमर, दीपेश साहू, सतीश सिंह ठाकुर, रविशंकर शुक्ला, श्रीमती वैशाली रत्नपारखी, अमीलाल चौहान, नवदीप नंदा, श्रीमती मंदाकिनी त्रिपाठी, मनोज अग्रवाल का नाम शामिल है। निगम में एल्डरमैनों की नियुक्ति के बाद नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाईयां देने का सिलसिला शुरु हो गया है वहीं जो कार्यकर्ता एल्डरमैन की कतार में शामिल थे उन्हें पद नहीं मिलने पर निराशा हाथ लगी है।

## दीपका, कटघोरा, बांकीमोंगरा में इन्हें मिली जगह

नगर पालिका परिषद दीपका में 5 लोगों को एल्डरमैन बनाया गया है। जिनमें मनोज दुबे, पवन अग्रवाल, श्रीमती सुभद्रा यादव, आनंद चौकसे, अश्वनी मिश्रा शामिल हैं। वहीं नगर पालिका परिषद कटघोरा में भी 5 एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है जिनमें धन्नु प्रसाद दुबे, मनोज नायडू, देव दुबे, बजरंग पटेल, श्रीमती अर्चना अग्रवाल शामिल हैं। इसी तरह नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में भी 4 एल्डरमैनों की नियुक्ति की गई है इनमें श्रीमती राखी अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, देव यादव, निराकार नाहक शामिल हैं।

## पाली व छुरीकला में 3-3 एल्डरमेन

नगर पंचायत पाली में भी एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है इनमें रामबिलास जायसवाल, हरीश चावला, रामनारायण पटेल शामिल हैं। वहीं नगर पंचायत छुरीकला में भी तीन एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। इनमें राकेश प्रताप सिंह, श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव, श्रीमती राजेश्वरी साहू शामिल हैं।

## ग्राम पंचायत जवाली सहित अन्य गांवों में ग्रामीणों को उठानी पड़ रही परेशानी

# ओवरलोड से ट्रांसफार्मर में तेल रिसाव, बिजली गुल से गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढेलवाडीह विद्युत सब स्टेशन में स्थापित ट्रांसफार्मर में ओवरलोड होने से तेल रिसाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके चलते पिछले दो दिनों से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित है। लगातार बिजली बाधित रहने से ग्राम जवाली सहित आसपास की कई पंचायतों के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली नहीं रहने से सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। ग्राम के पटेल कॉम्प्लेक्स में स्थानीय लोगों ने जनरेटर और डीजे सिस्टम की सहायता से करीब दो घंटे तक पानी उपलब्ध कराया। पानी भरने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट की गंभीरता साफ दिखाई दी। नदियापार और मुराई कछार क्षेत्र सहित कई स्थानों पर भी दर्जनों परिवार पानी के लिए परेशान नजर आए। भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार बिजली बाधित रहने से घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई, कृषि कार्य, छोटे व्यवसाय और मोबाइल नेटवर्क व चार्जिंग जैसी दैनिक आवश्यकताएं भी प्रभावित हो गई हैं। वहीं ऑनलाइन खाद, धान और बीज बिक्री का कार्य भी पिछले दो दिनों से ठप पड़ा है, जिससे किसानों को अतिरिक्त ⏭ शेष पेज 3 पर



पानी के लिए जूझती महिलाएं।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

**बिलासपुर।** बारिश आते ही सर्पदंश के मामले बढ़ने लगे हैं। बुधवार की रात को बाथरूम जाने उठी बुजुर्ग महिला को सांप ने काट लिया। परिजनों ने उसे बिल्हा अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन स्वास्थ्य सुधार नहीं होने पर सिम्स भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिल्हा क्षेत्र के सेंवार निवासी राजीम बाई लोनिया उम्र 61 वर्ष बुधवार की रात घर पर सोई हुई थी, इस दौरान रात में वह बाथरूम जाने के लिए कमरे से बाहर निकली, इस दौरान घोड़ा करात जैसे सांप ने उन्हें डस लिया। जिसके परिजनों की नींद खुली और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेजाया गया, लेकिन इलाज में हो रही देरी के कारण परिजनों ने उन्हें सिम्स ले जाने की बात कही। बुजुर्ग महिला को सिम्स लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर पीएम कराया है और शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पकड़े गए बाइक चोर व खरीददार



**बिलासपुर।** सशक्त ऐप के माध्यम से पुलिस ने चोरी की दो बाइक, एक एक्टिवा सहित दो युवक व दो खरीददारों को गिरफ्तार कर लिया है। पिछले कुछ समय से शहर के सभी इलाकों से लगातार बाइक चोरी हो रही थी। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लालखदान केंवटपारा निवासी दुर्गेश निषाद पिता अशोक निषाद 23 साल, ईश्वर निषाद पिता विजय निषाद 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने सिविल लाइन, सिरगिट्टी, बिल्हा से दो बाइक, एक एक्टिवा चोरी कर बेचना बताया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर खरीददार आशुतोष कुमार मिरी पिता संतोष मिरी 29 साल गणेशनगर चुचुहियापारा, लक्ष्मण विश्वकर्मा उर्फ गोविंदा पिता प्रमोद विश्वकर्मा 29 साल लालखदान निवासी को गिरफ्तार उनके कब्जे से चोरी की दो बाइक, एक एक्टिवा जब्त किया है।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** बाइक चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्रामीण को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिय है। कोटा पुलिस के अनुसार, नेवरा निवासी भागवत प्रसाद साहू 1 जुलाई को सुबह 10.30 बजे खेत से पैदल घर लौट रहे थे। हाई स्कूल के पास गनियारी की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 28 पी, 6517 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए श्री साहू को टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन के द्वारा उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने बेटा लक्ष्मीनारायण साहू की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा मामला**

**बवाल मचने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोबाइल नंबर के साथ फिर से जारी की सूची**

# कांग्रेस ने महामंत्री बनाया एक शिव को, दूसरे शिव ने मना लिया जश्न

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को यदुनंदन नगर निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव को बिलासपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस का महामंत्री बनाया, लेकिन हम नाम होने के कारण तिफरा निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव ने महामंत्री बनने का जश्न मना लिया। जानकारी सामने आने के बाद गुरुवार को बवाल मच गया, मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा, जिसके बाद गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मोबाइल नंबर के साथ कार्यकारिणी की फिर से सूची जारी की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलासपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण की नई कार्यकारिणी की सूची बुधवार को जारी की थी। इस सूची में महामंत्री पद के लिए 18 लोगों का नाम शामिल है, जिनमें से एक नाम शिव यादव का भी शामिल है। जिला कांग्रेस ग्रामीण की सूची जारी होने के बाद तिफरा निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव ने नियुक्ति होने की खुशी में जश्न मना लिया, चूंकि जिला महामंत्री पद के लिए यदुनंदन नगर निवासी पूर्व पार्षद शिव यादव का नाम गया था, इसलिए दूसरे शिव यादव यादव द्वारा बधाई संदेश छपवाना किसी को हजम नहीं हुआ, उसके बाद महामंत्री पद को लेकर बवाल खड़ा हो गया। यहां तक इस पूरे मामले को लेकर कुछ कांग्रेस नेता आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रायपुर गए थे और यह मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचा दिया। इसके बाद असमंजस की स्थिति को दूर करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को फिर से बिलासपुर जिला कांग्रेस ग्रामीण कार्यकारिणी की नई सूची जारी की। इस बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नाम, पदनाम के साथ उनके मोबाईल नंबर भी जारी कर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अखबारों में विज्ञापन छपवाने वाला तिफरा निवासी शिव यादव नहीं, बल्कि यदुनंदनगर निवासी शिव यादव जिला ग्रामीण कांग्रेस में महामंत्री नियुक्त हुआ है।

#### रात तक वायरल होती रही नई सूची, सचिव में भी त्रुटि

शिव यादव नाम के दो कांग्रेसजन होने के नाते जिला महामंत्री पद को लेकर जो असमंजस की स्थिति निर्मित हुई और उसे लेकर जो बवाल कांग्रेस संगठन में मचा, यह चर्चा का विषय बना रहा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मोबाईल नंबरों के साथ सूची जारी करने के बाद आज की नई सूची कांग्रेसजनों के बीच रात तक वायरल होते रही। जिला कांग्रेस ग्रामीण की कार्यकारिणी सूची में एक और त्रुटि हुई थी। इस सूची में सचिव पद के लिए मुकेश भाराद्वाज लिखा था, जिसे आज सुधारकर मुकेश बंजारे नाम से सूची जारी की गई है।

#### दूसरी सूची जारी की गई है

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला ग्रामीण कांग्रेस की जो कार्यकारिणी सूची जारी की गई थी, लेकिन शिव यादव नाम के दो लोग होने के कारण असमंजस की स्थिति बन गई थी। आज फिर से मोबाईल नंबर के साथ सूची जारी हुई है जिसमें यह स्पष्ट हो गया है कि यदुनंदनगर वाले शिव यादव को महामंत्री बनाया गया है।

**-महेन्द्र गंगोत्री,** जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण

**चार दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया अभियान**

# अभी भी नहीं रुका अवैध उत्खनन, सात वाहन सहित 840 घनमीटर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पिछले कई दिनों से विभाग की टीम के द्वारा चलाए गए छापामार अभियान में 1 चैन माउंटेन, 1 जेसीबी, 3 हाइवा व 2 ट्रैक्टर ट्राली सहित 840 घनमीटर रेत की जब्ती की गई है। जब्त किए गए सारे वाहन पुलिस अभिरक्षा में रखे गए हैं।

■ पुलिस अभिरक्षा में रखे गए सभी जब्त वाहन

खनिज विभाग द्वारा गठित टीम ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण को लेकर फिर बड़ी कार्रवाई की है। चार दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के अंतर्गत खनिज अमले के द्वारा सिल्पहरी, पोड़ी,रतनपुर, दार सागर, बेलगहना, सोढाखुर्द, पौसरा, सेलर, जांजी, उरतुम, मंगला, तुरकाडीह, लोखड़ी क्षेत्र की जाँच की गयी।

जाँच के दौरान पोड़ी क्षेत्र से खनिज मिट्टी का उत्खनन करते पाए गए 01 चैन माउंटेन व 02 हाइवा वाहनों को जप्त किया गया। सोढाखुर्द क्षेत्र में खनिज रेत का बिना वैध अनुमति भण्डारण किए जाने पर 600 घन मीटर रेत जब्त की गई है। दार सागर क्षेत्र से बिना वैध अनुमति के भण्डारण किए जाने पर 240 घन मीटर रेत जब्त की गई है। इसी तरह मंगला अंतर्गत पाट बाबा क्षेत्र से अरपा नदी से खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते 01 जेसीबी मशीन व 01 हाइवा वाहन को जब्त किया गया।





टीम के द्वारा जांजी क्षेत्र से खनिज रेत का उतखनन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली तथा उरतुम क्षेत्र से खनिज रेत का उत्खनन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया है। इस प्रकार जब्त कुल 07 मशीन एवं वाहनों में से 06 वाहन व मशीन को पुलिस थाना सिरगिट्टी व कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है एंव चैन माउंटेन मशीन को यथास्थान सील बंद किया गया है।

#### की गई है कार्रवाई

विभाग की टीम के द्वारा लगातार कई दिनों तक छापामार अभियान चलाया गया था। इस दौरान विभिन्न मामलों में सात वाहनों की जब्ती करते हुए 840 घनमीटर रेत भी जब्त की गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर खनिज विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जाती रहेगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक खनिज विभाग

# कांकेर में बाघ की खाल मिलने के बाद एटीआर में बढ़ाई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांकेर में दो बाघ की खाल मिलने के बाद पूरे प्रदेश के साथ एनटीसीए में भी हड़कंप मच गया है, जिसके बाद मुख्यालय की ओर से सभी टाइगर रिजर्व के साथ एटीआर में निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश मिलने के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है।

प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने के बजाय लगातार कम होती जा रही है। वहीं इन बाघों के संरक्षण और संवर्धन पर करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी सुरक्षा का कोई भी नामोनिशान नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या करीब 14 है, जिसमें मेल, फिमेल के साथ शावक भी शामिल हैं। इसी तरह रायपुर और कांकेर के टाइगर रिजर्व का भी हाल है। इन सभी टाइगर रिजर्व में अफसरों का मुख्य फोकस टाइगर की सुरक्षा पर अधिक होता है। कुछ दिन पहले प्रदेश में एक बाघ की बीमारी से मौत के कारण वन्यप्राणी संरक्षण तंत्र की संवेदनशीलता पर बहस छेड़ी थी, वहीं अब दो बाघों की खाल के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को पकड़ा गया है। दो आरोपियों की बाघ की खाल के साथ गिरफ्तारी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमा पर हुई है।

एनटीसीए तक सूचना पहुंचने के बाद इस मामले की जांच के सख्त आदेश दिए गए। मुख्यालय की ओर से जांच की गई कि दो बाघों की खाल सीमा तक कैसे पहुंची और इसके पीछे केवल दो लोगों का अपराध नहीं हो सकता है। शिकारियों, स्थानीय मुखबिरों, परिवहन नेटवर्क और खरीददारों की भी खोजबीन शुरु की गई। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश का टाइगर लैंडस्केप आपस में जुड़ा हुआ है। अचानकमार टाइगर रिजर्व, उदंती सीतानंदी, इंद्रावती, गुरुघासीदास तमोर पिंगला सहित वन क्षेत्र बाघों के आवागमन के महत्वपूर्ण कारीडोर हैं। बिलासपुर संभाग के अचानकमार टाइगर रिजर्व में अतिरिक्त निगरानी करने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। यहां पहले भी शिकार, बिजली के करंट, फंदों और मानव वन्यप्राणी संघर्ष जैसी घटनां सामने आती रही हैं।



■ पूरे प्रदेश के सहित एनटीसीए में भी हड़कंप

#### 24 घंटे निगरानी

अचानकमार टाइगर रिजर्व में दूसरे वन्यप्राणियों के अलावा टाइगर की संख्या भी कम नहीं है। बारिश के मौसम में वैसे भी एटीआर का गेट आवागमन और भ्रमण के लिए बंद कर दिया जाता है। यहां केवल एटीआर के ग्रामीणों को आने-जाने की अनुमति है। वहीं गेट से संदिग्ध व्यक्तियों के आने पर पूछताछ और जांच के बाद ही अंदर प्रवेश करने की अनुमति होती है। इसके साथ ही एटीआर के अंदर पेट्रोलिंग के साथ 24 घंटे निगरानी भी शुरु कर दी गई है।

**-अभिनव कुमार,** डीएफओ, मुंगेली

## हाईवे पर वाहन पार्क करना पड़ेगा भारी, भरना होगा जुर्माना

**बिलासपुर।** शहर के आउटर पर बेतरतीबी से सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों पर अब चालान कटने लगा है। कलेक्टर के निर्देश पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों में ही विभाग ने 45 हजार का चालान जमा कर दिया है। वहीं परिवहन अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग कर वाहन खड़ा करने वालों को सख्त हिदायत दी जा रही है।

परिवहन विभाग द्वारा रोड साइड पर पार्क वाहनों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। हाल ही में कलेक्टर द्वारा मिले निर्देश के बाद फ्लाइंग की टीम 3 दिनों से लगातार कार्रवाई कर रही है। बिलासपुर-रायपुर मार्ग के पेंड्रीडीह बायपास पर रोजाना दर्जनों ट्रक, हाइवा और अन्य भारी वाहन खड़े होते है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे लेकर फ्लाइंग की टीम ने मंगलवार को 3 वाहनों पर 7 हजार का चालान काटा, वहीं बुधवार को 37 गाड़ियों से 38 हजार 900 रूपए का चालान काटा गया है। बताया जा रहा है कि 3 दर्जन वाहन चालकों को सड़क पर वाहन खड़ी नहीं करने की हिदायत भी दी गई है। खास बात यह है कि दिन के किसी भी समय फ्लाइंग की टीम मौके पर पहुंच कर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि शहर के 4 दिशाओं की सड़कों पर इस तरह की कार्रवाई आगामी दिनों पर की जाएगी। जिससे बारिश के दिनों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में कामयाबी मिलेगी।




■ परिवहन विभाग को मिला निर्देश, ई चालान से वसूली

#### की जा रही है कार्रवाई

फ्लाइंग की टीम कई जगहों पर कार्रवाई कर चुकी है। गुरूवार को भी कई जगहों पर कारवाई हुई है। इस दौरान ज्यादातर वाहन चालकों को हिदायत दी जाती है और अलग-अलग धाराओं पर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

**-प्रशांत शर्मा,** प्रभारी, परिवहन विभाग

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर युवक से मारपीट कर चाकू और लोहे की कुर्सी से हमला कर दिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मसानगंज के पास बाइक से गिरकर प्रिंस रोहरा घायल हो गया। सूचना पर स्वयं खटिक ने दोस्तों के साथ मौके पर जाकर उसे अस्पताल ले जाकर दवा कराने के बाद घर छोड़ा। उसके बाद स्वयं खटिक दोस्तों के साथ संतोष भवन चौक होते जा रहे थे। संतोष भवन के पास मेहुल जात्रे, प्रकाश निषाद, धनंजय वस्त्रकार आए तुम लोग यहां क्या कर रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर स्वयं खटिक के साथ चाकू व लोहे की कुर्सी से हमला लगे। दोस्तों के द्वारा बीच बचाव करने पर हमलावर भाग गए। घायल स्वयं खटिक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सामाजिक बहिष्कार का आदेश वायरल कर प्रताड़ना: जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सोशल मीडिया में समाज से बहिस्कार करने का आदेश वायरल करने वाले समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी ने बताया कि कोटा मिशन कम्पाउन्ड निवासी हरीश लाल पिता हनुक एच लाल का परिवार क्रिश्चन समाज सीएनआई चर्च कोटा स्थाई सदस्य है। विगत दो सालों से समाज की नई कमेटी का गठन हुआ, तब से समाज के पदाधिकारी अकारण समाज की गतिविधियों से उनके परिवार को अलग कर समाज के नियमों एवं प्रक्रिया ग्रीन बुक को ताक में रखकर और समाज के सदस्यों को झूठी बाते कहकर उनके परिवार के विरूद्ध भड़काकर प्रताड़ित कर रहे हैं। इन लोगों ने बिना किसी विधिक अधिकार के उनके परिवार के सदस्यों को चर्च समाज से नाट इन गुड स्टैंडिग में डालकर चर्च समाज से निकाला गया है और उनके परिवार का बहिष्कार किया गया है। उसके बाद आदेश को सोशल मीडिया में वायरल कर प्रताड़ित किया गया है।



■ कोर्ट के आदेश पर समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

श्री लाल ने समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पदाधिकारी सौरभ पीटर्स, राजा सालोमान, अनिल मसीह, थियोडोर पीटर्स, सुनीलेश, सुलेमान दास, मनीष आर मसीह के खिलाफ नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 7, 2, सूचना प्रोधौगिक संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 66 डी व बीएनएस की धारा 196, 1 बी, 196, 2, 351, 2, 352, 353, 2, 353, 3, 356, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## फूड सेफ्टी की कार्रवाई, सैंपल जब्त

**बिलासपुर।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मिली शिकायत के बाद फूड सेफ्टी विभाग ने व्यापार विहार स्थित दुकानों में मसालों का सैंपल जब्त किया है। विभाग की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष उत्पन्न हो रहा है, दरअसल विभाग सैंपल कलेक्शन करता है लेकिन इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा रही है। जिससे मामले में संदिग्धता प्रतीत होती है।

गुरूवार की सुबह व्यापार विहार के अनिल ट्रेडर्स में फूड सेफ्टी विभाग की टीम पहुंची इस दौरान अधिकारियों ने एवरेस्ट मसालों के कुछ सैंपल कलेक्ट किए। विभाग के अधिकारियों कहना है कि लगातार एवरेस्ट मसालों में कंपनी और अन्य लोगों के द्वारा मिलावट की शिकायत विभाग में की जा रही है, जिसके चलते रूटिन चैकिंग की जा रही है। विभाग ने जनवरी से लेकर अबतक 30 से अधिक बार सैंपल जब्त किया है लेकिन रिपोर्ट नहीं आई है। ऐसे में विभाग के काम करने के तरीकों पर सवाल उठने लगे है।

### हटिया-एलटीटी समर स्पेशल का परिचालन 15 तक

**बिलासपुर।** हटिया से एलटीटी के बीच चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया गया है। हटिया से एलटीटी के बीच चलने वाली अप डाउन 08609/08610 स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 जुलाई तक करने का आदेश जारी किया गया था। यात्रियों की सुविधा और मांग के बाद ट्रेन परिचालन की तिथि में विस्तार करते हुए 15 जुलाई तक किया गया है। विस्तार के बाद 08609 हटिया-एलटीटी समर स्पेशल ट्रेन प्रति सोमवार को 13 जुलाई तक और 08610 एलटीटी-हटिया समर स्पेशल ट्रेन प्रति बुधवार को 15 जुलाई तक चलेगी।


**नेहरू नगर जोन में लगातार तीन दिनों से बनी हुई बिजली की समस्या**

# 6.15 बजे से बंद सप्लाई, 4 घंटे तक फाल्ट नहीं खोज सके बिजलीकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर जोन के अंतर्गत लगातार 3 दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है। गुरूवार को हल्की बुंदाबांदी के बाद शाम 6.15 से बंद बिजली 4 घंटे बाद बहाल हो सकी। खास बात यह है कि इस दौरान 2 टीम फाल्ट खोजती रही लेकिन फाल्ट नहीं मिलने के कारण देरी हुई और हजारों घरों में अंधेरा पसरा रहा है।

हाईकोर्ट की फटकार और बिजली उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों के बाद भी बिजली विभाग की सप्लाई व्यवस्था सुधर नहीं रही है। शाम को हुई हल्की बारिश ने विभाग के 24 घंटे निर्बाध बिजली के दावें की हवा निकल दी। महर्षि फीडर के अंतर्गत लाइन में फाल्ट आने के कारण रिंग रोड, नेहरू नगर, नर्मदा नगर,गौरव पथ सड़क के कुछ हिस्से, अयोध्या नगर, वसुंधरा नगर और आसपास के क्षेत्र की बिजली 4 घंटे तक बंद रही। इस दौरान विभाग की दो टीमें लगातार पेट्रोलिंग करती रही और मैनुअल तरीके से इंश्यूलेटर को चैक किया गया लेकिन 4 घंटे की मकशक्त के बाद टीम को दशमेश आटोमोबाइल के पास नए काम्प्लेक्स में फाल्ट मिला, काम्प्लेक्स के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर की लाइन में आई खराबी के कारण पूरा फीडर बंद हो गया था। विभाग ने आधे घंटे की मरम्मत के बाद लाइन शुरू कर सका है।



#### टीम को रात में दिक्कत होती है

बिजली लाइन में फाल्ट आने के बाद मैनुअल तरीके से फाल्ट खोजा जाता है। लाइन बड़ी है,एक-एक खंबे को टीम चैक करती है, कहीं इस्पार्किंग होने और डंगाल गिरने पर जल्दी फाल्ट खोज लिया जाता है लेकिन कई बार टीम को रात में दिक्कत होती है। जिसके कारण देरी हुई है।

**-भरत भूषण नेताम,** ईई, नेहरू नगर

# बर्थ सर्टिफिकेट में सुधार नहीं पिता ने गृहमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज : बिलासपुर

बेटी के आधार कार्ड में सुधार के लिए ऑनलाईन बर्थ सर्टिफिकेट पाने विभागों के चक्कर काट रहे एक पिता ने थक हारकर देश के गृहमंत्री को पत्र लिखा है। दरअसल वे अपनी समस्या लेकर जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग गए थे, लेकिन यहां भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। समाधान नहीं होने पर उन्होंने वहीं बैठकर सीधे गृहमंत्री को पत्र लिख दिया।

बिल्हा ब्लॉक के बरतोरी निवासी घनश्याम जायसवाल की पुत्री माधुरी जायसवाल के आधार कार्ड में केवल माधुरी अंकित हो गया है। वे आधार में सुधार करते हुए माधुरी जायसवाल दर्ज करवाना चाहते हैं। स्कूल में पुत्री का नाम माधुरी जायसवाल ही दर्ज है, जिससे जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज बनवाने हेतु आधार कार्ड में पुत्री का पूरा नाम दर्ज करवाने की जरूरत है। इधर आधार कार्ड में सरनेम दर्ज करवाने के लिये आवेदन करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा द्वारा पुत्री के ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र जो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा द्वारा ही जारी किया गया था, को अमान्य कर दिया गया, साथ ही ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई। जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाईन करवाने व सुधार हेतु आवेदन करने पर संबंधित जारीकर्ता अधिकारी ने जिला मुख्यालय में सम्पर्क करने कह दिया।

अपनी समस्या लेकर जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग पहुंचे पिता को वर्ष 2016 से 2020 तक जारी किये गये जन्म प्रमाण पत्रों को ऑनलाईन करने की सुविधा आरजीआई पोर्टल पर बंद होने की जानकारी दी गई, जिरो खुलवाने हेतु पत्राचार किया गया है, लेकिन उक्त वर्षों का पोर्टल पर खोलने की कार्यवाही आरजीआई द्वारा नहीं की जा रही है। विभाग में ऑफलाईन जन्म प्रमाण पत्र को पूरी तरह वैध होने की बात कही गई।एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप विभागों द्वारा लगातार एक-दूसरे पर दोषारोपण करने व स्वयं को समस्या के समाधान के लिए अक्षम बताने से क्षुब्ध पिता ने सांख्यिकीय विभाग में बैठकर ही सीधे देश के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख डाला।

## खबर संक्षेप

### कुसमुंडा में धूमधाम से मनाया गया संत कबीर प्राकट्य उत्सव

**गेवरा दीपका।** युवा महंत समाज कुसमुंडा इकाई के तत्वाधान में रविवार को पूज्य संत कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे विकास नगर बजरंग चौक से सामाजिक शोभायात्रा (रैली) के साथ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सामुदायिक भवन, आदर्श नगर, कुसमुंडा पहुँचेगी। इसके पश्चात संत कबीर साहेब की पूजन-आरती, कबीर भजन, सत्संग, समाज उत्थान परिचर्चा, वरिष्ठजनों का सम्मान एवं सामाजिक एकता पर विचार-विमर्श आयोजित किया जाएगा। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

## निधन

### धनऊ राम केवट



**कोरबा।** धनऊ राम केवट उम्र 64 वर्ष का आकस्मिक निधन 30 जून को हो गया। वे मोटू होटल निहारिका के संचालक थे वे अपने पीछे पुत्र शत्रुघन प्रसाद ,संजू निषाद, नाती पोता से भरा पुरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए। जिनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सेवानिवृत्त कोल...

मामला कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष रखा था। प्रबंधन का कहना था कि हम लोगों ने एक्ट के अनुसार इसका भुगतान कर दिया है। सूत्रों की मानें तो 14 हजार सेवानिवृत्त कर्मियों को अंतर की राशि का भुगतान किया गया तो लगभग 900 करोड़ रुपये लगेंगे। प्रबंधन का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी राशि करने से संबंधित एक्ट में संशोधन फरवरी 2018 से हुआ है। इसलिए मार्च 2018 से बढ़ी हुई ग्रेच्युटी की राशि दी जा रही है। दूसरी ओर मजदूर संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि एक जनवरी 2017 को कोयला अधिकारियों के लिए थर्ड पे कमीशन आया। इसके बाद कोल इंडिया के अधिकारियों को एक जनवरी 2017 से 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी राशि के रूप में भुगतान किया जा रहा है। इसलिए, एक जनवरी 2017 से फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त हुए कोलकर्मियों को भी 20 लाख रुपया ग्रेच्युटी दिया जाये। एक जनवरी 2017 से लेकर फरवरी 2018 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कोलकर्मियों की संख्या 14 हजार बताई जा रही है। इसमें सबसे ज्यादा लगभग 8 हजार कर्मी सीसीएल, बीसीसीएल व ईसीएल के हैं। इसके अलावा एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल व डब्ल्यूसीएल के कर्मी शामिल हैं।

### ओवरलोड से...

परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर में तेल रिसाव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, जिसके कारण बार-बार तकनीकी खराबियां सामने आती रही हैं। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की तत्काल मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन कर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बाद जनहित में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

---

### जेबीसीसीआई के गठन करने की है मांग

# 12वें वेतनमान समझौते को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩ बांकीमोंगरा

12वीं जेबीसीसीआई के गठन एवं 12वें वेतनमान समझौते को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर एचएमएस यूनियन की बाँकीमोंगरा इकाई ने बुधवार को संयुक्त ट्रेड यूनियनों की एसईसीएल बाँकी-सुराकछार अस्पताल कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रबंधन की कथित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मजदूरों की लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोयला मजदूर लंबे समय से 12वें वेतनमान समझौते का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। यूनियन नेताओं ने बताया कि 1 जुलाई को संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के नेतृत्व में पूरे कोल इंडिया में मांग दिवस मनाया गया है। इसके बाद जेबीसीसीआई के गठन और 12वें वेतनमान समझौते को लागू कराने के लिए व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर कोरबा एरिया महामंत्री सुरेंद्र मिश्रा ने कहा कि कोयला मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए यूनियन हमेशा संघर्ष करती रही है और इस बार भी मजदूर हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। एचएमएस यूनियन बाँकीमोंगरा इकाई के अध्यक्ष भोला पटेल ने कहा कि आज एसईसीएल बाँकी-सुराकछार अस्पताल कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कोल इंडिया प्रबंधन को यह संदेश दिया गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ-साथ अंतिम पंक्ति का कर्मचारी भी इस नीति से प्रभावित है। धरना-प्रदर्शन में यूनियन के अनेक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



प्रदर्शन में शामिल ट्रेड यूनियन के नेता।

---

# गर्भगृह से बाहर आए महाप्रभु कराया स्नान, 16 को रथयात्रा



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

पुरी की तर्ज पर स्नान पूर्णिमा की विधियां भी रोचक हैं, जो दादरखुर्द जगन्नाथ मंदिर, सहित अन्य मंदिर में भी निभाई गई। सोमवार को भगवान जगन्नाथ समेत भाई बलभद्र, बहन वे सुभद्रा और सुदर्शनजी को 108 घड़े जल से स्नान कराया गया। खास बात यह है कि जिस जल से भगवान स्नान करेंगे, उसमें 22 प्रकार की जड़ी के बूटी और औषधियां मिलाई जाती है। महाप्रभु के स्नान में उपयोग होने वाले जल में अलग-अलग प्रकार की औषधियां मिलाई जाती है। रथयात्रा का प्रथम अनुष्ठान 29 जून को देव स्नान पूर्णिमा के रूप में मनाया गया। 14 जुलाई को नेत्र उत्सव, 16 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा निकलेगी। महाप्रभु 9 दिन गुंडिचा मंडप में विराजमान रहेंगे। 20 जुलाई को हेरापंचमी, 24 जुलाई को बहुड़ा यात्रा होगी। 23 जुलाई को भक्तों को महाप्रभु का नवमी स्वरुप दर्शन कराया जाएगा। वहीं 25 को हरिशयन एकादशी और स्वर्ण वेश में दर्शन होंगे।

---

# बिजली बिल माफ करने की मांग को लेकर गोंगपा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर डीएमएफ फंड से जिले के गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के घरेलू बिजली बिल माफ करने तथा 24 घंटे निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्वान सिंह मरकाम ने सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कोरबा देश की ऊर्जा राजधानी के रूप में जाना जाता है। यहां बड़े पैमाने पर कोयला खनन और औद्योगिक गतिविधियों के कारण पर्यावरण प्रदूषण का सबसे अधिक दुष्प्रभाव स्थानीय ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों को झेलना पड़ रहा है। इसके बावजूद इन वर्गों को बुनियादी सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बढ़ती महंगाई और आर्थिक तंगी के कारण ग्रामीण, किसान और मजदूर परिवारों के लिए घरेलू बिजली बिल का भुगतान करना लगातार कठिन होता जा रहा है। ऐसे में डीएमएफ की राशि का उपयोग जनहित में करते हुए प्रभावित लोगों को राहत दी जानी चाहिए।

---

# बांकीमोंगरा में मनाया गया कबीर प्रकट दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏩ बांकीमोंगरा

**खास बात**

- विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष रहे मौजूद

सतगुरु कबीर साहेब की जयंती और प्रकट दिवस के अवसर पर बांकीमोंगरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सतगुरु कबीर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद समाज के प्रमुख अमरु दास और पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि सहित समस्त मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कबीर जयंती के इस पावन मौके पर कबीर पंथी समाज के वरिष्ठ व प्रबुद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक जोड़े का आदर्श विवाह रहा, जो पूर्णतः कबीर पंथी रीति-रिवाज से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि संत कबीर दास केवल एक कवि या संत नहीं थे बल्कि वे एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने सदियों पहले समाज में फैली कुरीतियों, पाखंड और भेदभाव पर कड़ा प्रहार किया था। आज के दौर में कबीर जी की साखियों और उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। हमें उनके बताए सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलना चाहिए।

बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि कबीर साहेब का जीवन हमें सादगी और भाईचारे का संदेश देता है। बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र में कबीर जयंती के अवसर पर शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हमारी पालिका हमेशा सामाजिक समरसता और विकास के कार्यों में समाज के साथ खड़ी है। आज यहां जिस तरह कबीर पंथी रीति-रिवाज से एक जोड़े का विवाह संपन्न हुआ है, वह खर्चीली शादियों के दौर में समाज के लिए एक बेहतरीन सीख है। मंचस्थ कार्यक्रम के पश्चात 10 लाख रुपए लागत कबीर भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि में बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, वार्ड क्रमांक 10 पार्षद प्रमोद सोना, वार्ड क्रमांक 12 पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, पार्षद श्रवण यादव, पार्षद प्रतिनिधि हेम सिंह कंवर, राकेश पटेल सहित अश्वनी साहू, प्रकाश झा, देव राजपूत, नकुल पटेल, राजेश अग्रवाल व अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

# सर्वमंगला घाट पर श्रद्धा के साथ हुई हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा कोरबा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के संरक्षण, स्वच्छता और जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित की जाने वाली हसदेव आरती इस माह 29 जून की सायंकाल माँ सर्वमंगला मंदिर घाट, कोरबा में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सरोकारों के वातावरण में संपन्न हुई। शाम 6 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध नागरिकों तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर हसदेव नदी के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संदेश दिया।



हसदेव नदी की आरती करते पंडित।

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा लंबे समय से हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों तथा जिले के अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और सौंदर्यकरण के लिए जनभागीदारी आधारित अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पूर्णिमा पर माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जल संरक्षण, नदी स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। इस बार भी आयोजित आरती में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। ज्येष्ठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक यजमान के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में कामेश्वर धर दीवान, जिलाध्यक्ष, संस्कार भारती, कोरबा उपस्थित रहे। उन्होंने हसदेव नदी के संरक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए जनसहभागिता को आवश्यक बताया।

---

# आयुक्त ने प्रेस क्लब के विकास हेतु प्रस्ताव बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने प्रेस क्लब के विकास हेतु की थी 40 लाख की घोषणा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय बुधवार की सुबह तिलक मार्ग स्थित प्रेस क्लब पहुंचेउन्होंने क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों से चर्चा करते हुये निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे तत्काल प्रेस क्लब के सम्पूर्ण परिसर का विस्तृत सर्वे कर विस्तार, विकास व सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

उल्लेखनीय है कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा प्रेस क्लब के विकास व विस्तार हेतु 40 लाख रूपये प्रदान किये जाने की घोषणा की थी। उद्योग मंत्री श्री देवांगन की उक्त घोषणा को अमलीजामा पहनाने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने



जिम का अवलोकन करते आयुक्त व अन्य।

बुधवार की सुबह प्रेस क्लब पहुंचकर सम्पूर्ण परिसर का सघन रूप से जायजा लिया, इस दौरान उन्होने कोरबा प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों से क्लब के विस्तार व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा उनके सुझावों को गौर से सुना, इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा क्लब की प्राथमिकताओं और आवश्यक जरूरतों से उन्हें अवगत कराया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने मौके पर उपस्थित निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रेस क्लब परिसर में आवश्यक विस्तार कार्य, वहाँ के विकास व सौंदर्यीकरण किये जाने के संबंध में सम्पूर्ण परिसर का सघन रूप से सर्वे करें ताकि प्रेस क्लब को बेहतर व आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिये आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की जा सके। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष नौशाद खान, उपाध्यक्ष राजकुमार साह, सचिव दिनेश राज, सहसचिव हरीश तिवारी तथा प्रबंध कार्यकारणी सदस्य नवाब हुसैन, पार्षद पंकज देवांगन, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, अभियंता सोमनाथ डेहरे व विनोद गोंड़, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# अपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोरबा

जिले में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि

**खास बात**

- कांग्रेस के शहर अध्यक्ष ने लिखा पत्र, सिलसिलेवार अपराध की दी जानकारी

इससे आम लोगों में भय का माहौल है और अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहर में हो रहे हत्या, लूट सहित अन्य अपराधियों की जानकारी देकर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों पर जवाबदेही तय करने की मांग रखी है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री राठौर ने आरोप लगाया गया है कि जिले की कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण करने में असफल साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में श्री राठौर ने जिले में घटी चर्चित अपराधिक मामलों का उल्लेख करते हुए कहा है कि सार्वजनिक उपक्रमों की कोयला खदानों में भी अपराधियों का दबदबा दिखाई दे रहा है। सरायपाली कोयला खदान में गुटीय संघर्ष के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं खदानों में घुसकर सुरक्षा बल के जवानों को बंधक बनाकर डीजल और कबाड़ लूटने जैसी घटनाएं सामने आईं। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक गंभीर बात यह है कि कुछ मामलों में पुलिस कर्मियों की मिलीभगत सामने आने पर उनके खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी। शहर और ग्रामीण इलाकों में भी अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। कबाड़ चोर रशियन हॉस्टल के पास से रातोंरात लोहे का विशाल पुल काटकर ले गए। कटघोरा के घुचापुर में भाजपा नेता अक्षय गर्ग की हत्या और रजगामार में महिला का सिर काटकर गांव में घुमाने की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया। राठौर ने कहा कि शहर के सीतामढ़ी स्थित मोतीसागर पारा में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पवन टॉकीज रेलवे क्रासिंग के पास एक नशेड़ी ने लाठी से सिर कुचलकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, एक नशेड़ी कोतवाली थाने में घुसकर आधे घंटे से अधिक समय तक हंगामा करता रहा। सिल्वर सेंटर के संचालक की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। स्क्रैप व्यापारी अशरफ समेत तीन लोगों की एक के बाद एक हत्या की घटनाओं ने भी लोगों को दहला दिया।

---


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम परला, प0ह0नं0 26. रा0नि0म0 मोरगा, तहसील पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर 19, 42/1, 43/1, 44, 53/3, 56, 105/1, 109, 126/1, 134/4/क, 144/1 कुल रकबा कमशः 0.105, 0.089, 0.057, 0.405, 0.069, 0.9340, 0.061, 0.202, 0.020 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 11 रकबा 3.165 हेक्टेयर अवस्थित है जो कि स्व0 गुलाम रसुल की मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी जैबुननिशा पुत्र गुलाम हैदर पुत्री शाबाना खान एवं जाहिदा बेगम के नाम पर शामिल शरीक खाते में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिसे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पोड़ी उपरोड़ा जिला कोरबा छ0ग0 के न्यायालय में प्रकरण लंबित रहने एवं स्थगन प्राप्त होने के बावजूद गुलाम हैदर पिता स्व0 गुलाम रसूल के द्वारा उक्त खसरा नंबर की भूमियों को विक्रय कर दिया गया है जो कि अवैधानिक है, ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि केता के द्वारा उक्त खसरे नंबर की भूमियों को विक्रय करने हेतु तत्पर है।

अत: उपरोक्त संबंध में किसी भी निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, रहन-गहन एव क्रय-विक्रय का संव्यवहार न करें अगर उक्त संव्यवहार किया जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी केता की होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक : 02/07/2026

भवदीय
श्रीमती जैबुननिशा पति स्व. गुलाम रसुल
निवासी ग्राम परला तहसील पोड़ी उपरोड़ा
जिला कोरबा छ0ग0
मो. नं. 98271-58975

---

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## ईश्तहार

रा.प्र.क. 202606050600104
श्रेणी अ-6 वर्ष 2025-26
प.ह.नं. 16 ग्राम कोरबा

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. लक्की उर्फ जगजीत सिंह, 2. सम्मी उर्फ जसवीर सिंह, दोनों पिता स्व. मानकसिंह, निवासी पावर हाउस रोड कोरबा, तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 रा०नि०मं० कोरबा स्थित भूमि ख0नं0 335/16क, 335/17क, 335/18क में से रकबा 563 वर्गफीट भूमि उभयपक्षों नाम पर संयुक्त खाते में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। हकत्यागकर्ता गण के द्वारा उक्त भूमि ख.नं. 335/17क में से रकबा 563 वर्गफीट भूमि को आवेदकगण के पक्ष में पंजीकृत हकत्याग विलेख (मुक्ति पत्र) दिनांक 01/10/2005 को निष्पादित किया है। उक्त हकत्याग के माध्यम से आवेदकगण उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था का कोई आपत्ति हो तो वह अपन दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 17/07/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर क विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला कोरबा (छ०ग०)

---

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## // ईश्तहार ग्राम भोड़कछार //

क्रमांक/Q/ तह/वा.1/2026
पाली, दिनांक 30/06/2026

एतद द्वारा आम जनता तहसील पाली जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका समारसाय पिता/पति जगतराम जाति धनवार निवासी ग्राम भोड़कछार तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 (क्रमांक 18 सन 1969) यथा संशोधित जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम 2023 (क्रमांक 20 सन 2023) की धारा 30 के अन्तर्गत जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की निर्देश अनुज्ञा/आदेश प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुलपब्धता एवं अन्ध दस्तावेज सहित आवेदन पेश किया गया है, कि उसके/उसकी पिता श्री/श्रीमती/कु० जगतराम पिता/पति अनंदराम का/की जन्म / मृत्यु दिनांक 02.02.2013 को ग्राम भोड़कछार में हुआ है। जन्म/मृत्यु की निर्देश अनुज्ञा/आदेश प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथपत्र, अन्लपब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित निर्धारित प्रारूप में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने मान्य अभिभाषक के साथ दिनांक 15/07/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 30/06/2026 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाली

---

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## // ईश्तहार ग्राम भोड़कछार //

क्रमांक/Q/ तह/वा.1/2026
पाली, दिनांक 30/06/2026

एतद द्वारा आम जनता तहसील पाली जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका समारसाय पिता/पति जगतराम जाति धनवार निवासी ग्राम भोड़कछार तहसील पाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 (क्रमांक 18 सन 1969) यथा संशोधित जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम 2023 (क्रमांक 20 सन 2023) की धारा 30 के अन्तर्गत जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की निर्देश अनुज्ञा/आदेश प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुलपब्धता एवं अन्ध दस्तावेज सहित आवेदन पेश किया गया है, कि उसके/उसकी माता श्री/श्रीमती/कु० फूलकुंवर पिता/पति जगतराम का/की जन्म / मृत्यु दिनांक 02.04.2011 को ग्राम भोड़कछार में हुआ है। जन्म/मृत्यु की निर्देश अनुज्ञा/आदेश प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र, शपथपत्र, अन्लपब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित निर्धारित प्रारूप में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने मान्य अभिभाषक के साथ दिनांक 15/07/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

आज दिनांक 30/06/2026 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाली

---

न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

## ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तिजमत बाई पति स्व. दरसराम रात्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में खातेदार दरसराम पिता सोन साय के नाम पर स्थित भूमि ख.नं. 153/2, 724/2, 739/2, 756/5, 788/1, 153/11, 788/4, 724/8, 739/18, 756/6, 756/30 कुल रकबा 0.874 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र द्वारा अर्जित कर ली गई है। उक्त भूमि खातेदार दरसराम पिता सोन साय मेरे पिता का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर मेरे पति के पहली पत्नी के दोनो बेटे प्यारे लाल और गोवर्धन के द्वारा मेरा नाम व मेरी पुत्री का नाम बिना दर्ज कराये फौती नामांतरण करा कर आपस में बटवारा कर लिये है। जो की पूर्णतः गलत है। उक्त भूमि के फौती नामांतरण आदेश में आवेदक तथा उसकी दोनो पुत्री के नाम दर्ज कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 06/07/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी।

तहसीलदार
दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)



## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### सीएचसी में आमजनों को मिल रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

**कोरबा।** रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आमजनों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में इस केन्द्र में लगातार स्वास्थय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को निजी अस्पतालों के महंगे खर्च से बड़ी राहत मिली है। यह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भले ही शहरी क्षेत्र में स्थित है, लेकिन इसकी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ कोरबा शहर से लगे दर्जनों गांवों के ग्रामीण और उपनगरीय इलाकों के ग्रामीणों को भी भरपूर मिल रहा है।

### विवेकानंद सेवा सदन के कार्यालय में जा धमका था गोह, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** सेवाभारती कोरबा के विवेकानंद सेवा सदन, बुधवारी स्थित कार्यालय में एक मॉनिटर लिज़र्ड (गोह) के घुस आने से कर्मचारियों में हलचल मच गई। जिसके बाद सेवा भारती के सचिव अभिषेक शर्मा ने इसकी सूचना नोवा नेचर के रेस्क्यु प्रमुख जितेंद्र सारथी दिया। जिस पर सारथी ने अपनी रेस्क्यू टीम के सदस्य राजू बर्मन एवं बॉबी श्रीवास को मौके पर भेजा। टीम ने पूरी सावधानी एवं सुरक्षा के साथ मॉनिटर लिज़र्ड का सफल रेस्क्यू किया। इसके उपरांत उसकी जानकारी डीएफओ प्रेमलता यादव को दी गई। एसडीओ सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में वन निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न



**कोरबा।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोरबा की मासिक बैठक बुधवार को ओपन थियेटर घण्टाघर में रखी गई थी। बैठक में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि केंद्र के समान लम्बित 2 प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता तथा छठवें एवं सातवें वेतनमान का 32 एवं 27 माह का एरियर्स उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार शीघ्र भुगतान किया जाए। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष एस एस तोमर के जन्मदिवस के अवसर पर उनका शाल और श्रीफल भेंट कर उनके दीर्घायु की कामना की गई। बैठक में डीआर सारथी, जी पी प्रजापति, आर के शर्मा, आर के वर्मा, के आर टण्डन, एस के विश्वास, टी पी चंद्रा, एन के नाम देव, सी पी साहू, अजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**चेतमा।** विकासखंड पाली के संकुल पटपरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ठाडपखना में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय में नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक संतोष पटेल एवं सहायक शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी तिवारी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधार सिंह, सदस्य सुमेर सिंह, देवलाल यादव, राय सिंह सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

# मुख्यालय से हुआ शुरु ओपीएस को लेकर महासंघ के आंदोलन का दूसरा चरण

## प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहेगा आमसभा, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित पुरानी पेंशन सहित अन्य ज्वलंत मांगों को लेकर चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन को प्रदेशभर में समर्थन मिल रहा है। आंदोलन के प्रथम चरण के अंतर्गत चलाया जा रहा सभी क्षेत्रों, उत्पादन इकाइयों एवं कार्यालयों में हस्ताक्षर अभियान में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है।

महासंघ ने कहा है कि कर्मचारियों का यह उत्साह और सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि सभी साथी अपनी मांगों के प्रति पूरी तरह सजग हैं तथा तन, मन और धन से आंदोलन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। महासंघ ने जानकारी दी है कि आंदोलन के द्वितीय चरण के अंतर्गत 1 से 9 जुलाई तक प्रदेश के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों एवं उत्पादन इकाइयों में अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के नाम विशाल आमसभा आयोजित कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी कड़ी में 1 जुलाई से रायपुर शहर एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञापन कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। प्रत्येक कार्यक्रम में महासंघ के मुख्य वक्ता उपस्थित रहेंगे एवं कर्मचारियों को आंदोलन की आगामी रणनीति से अवगत कराएंगे। जिसमें 1 जुलाई रायपुर शहर एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र, 2 जुलाई अंबिकापुर क्षेत्र एवं रायगढ़ क्षेत्र, 3 जुलाई 2026 जगदलपुर क्षेत्र एवं राजनांदगांव क्षेत्र, 6 जुलाई एचटीपीएस, कोरबा पश्चिम एवं डीएसपीएम कोरबा पूर्व, 7 जुलाई एबीवी टीपीएस, मड़वा, 8 जुलाई दुर्ग क्षेत्र एवं बिलासपुर क्षेत्र तथा 10 जुलाई को पॉवर कंपनी मुख्यालय रायपुर में विशाल आमसभा, आक्रोश प्रदर्शन एवं चेतावनी ज्ञापन दिया जाएगा। महासंघ ने प्रदेश के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित आमसभा एवं ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन की एकता, शक्ति एवं कर्मचारियों के अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दें। महासंघ का स्पष्ट मत है कि कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के समाधान के लिए एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत है। संगठन को विश्वास है कि प्रदेशभर के कर्मचारी आंदोलन के इस दूसरे चरण को भी ऐतिहासिक सफलता प्रदान करेंगे।

## भूमिगत जल स्त्रोत नहीं होने पर प्राकृतिक जल स्त्रोत बने सहारा

# झीनपुरी और गहनिया जलाशय से बुझेगी ग्रामीणों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रही जल जीवन मिशन की योजना के अंतर्गत ऐसे क्षेत्रों में जहां भूमिगत जल स्त्रोत नहीं हैं उन क्षेत्रों में ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए प्राकृतिक जल स्त्रोत का सहारा लिया जा रहा है। जिनके पानी का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए झीनपुरी और गहनिया जलाशय का प्रस्ताव पीएचई विभाग के द्वारा तैयार कर स्वीकृति को शासन के लिए भेजा गया है।

**खास बात**

- पीएचई विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर भेजा है शासन को

पीएचई विभाग के माध्यम से जल जीवन मिशन अंतर्गत अब तक सौ ग्राम पंचायत में ओवर हैड टैंक का निर्माण कर पानी की सप्लाई शुरु कर दी गई है। कुल 5 सौ टंकियां इस जिले में बनाई जानी है लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां भूमिगत जल स्त्रोत नहीं होने के कारण जल जीवन मिशन योजना वहां कारगार नहीं हो रही है। ऐसे क्षेत्र पहाड़ी होने के कारण जल स्त्रोत पीएचई विभाग के द्वारा कई स्थानों पर बोर करने के बाद भी नहीं मिला है। ऐसे क्षेत्रों के निवासियों को प्यास बुझाने के लिए अब समूह जल योजना के तहत कार्य किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत पहाड़ी नालों और बड़े जलाशयों के पानी को ग्रामीणों के घर घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए विभाग ने प्रथम चरण में गहनिया और झीनपुरी जलाशय का चयन किया है। ये दो बड़े जलाशय ऐसे हैं जिनके आसपास के लगभग 45 गांव की प्यास बुझेगी। विभाग ने अपनी ओर से क्षेत्र का सर्वे भी कराया है। इस सर्वे में इन दोनों जलाशय से गांव तक पानी पहुंचाने में विभाग को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना नहीं पड़ेगा। जलाशय के अलावा एनीकट से भी पानी पहुंचाने की तैयारी विभाग के द्वारा की जा रही है जो पहाड़ी नालों में बनाए जाएंगे।



बारहमासी नाला।

**कुदुरमाल से भी मिलेगा पानी**

जल स्त्रोत नहीं होने के कारण कुदुरमाल में भी जल जीवन मिशन कारगर साबित नहीं हुआ इस वजह से यहां भी एनीकट बनाकर पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। जिससे 73 गांव को पानी मिलेगा। इनमें देवरमार,बरीडीह, कुकरीचोली, बगबुड़ा, उरगा, पताढ़ी, पहंदा, सरगबुंदिया, सेमीपाली, बंधुवाभांठा आदि गांव शामिल हैं।

**इन गांव की बुझेगी प्यास**

जिले में कुल 410 ग्राम पंचायत है इनके अंतर्गत 705 आश्रत ग्राम हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत इन सभी गांव में पानी पहुंचाने के लिए विभागीय स्तर पर योजनाओं के तहत कार्य किया जा रहा है। जिन झीनपुरी और गहनिया जलाशय से 86 गांव की प्यास बुझेगी इनमें गहनिया जलाशय से 10 गांव और झीनपुर गांव से 76 गांव शामिल हैं। जिसमें बेला, दोंदरों, केशलपुर, दूधीटांगर, भुरीमाटी जैसे गांव शामिल हैं। इसी तरह झीनपुरी जलाशय से बड़ी संख्या में गांव लाभान्वित होंगे।

**बनाया गया है प्रस्ताव**

भूमिगत जल स्त्रोत नहीं होने की स्थिति पर एनीकट और जलाशय की आपूर्ति का प्रस्ताव तैयार हुआ है। इनमें झीनपुरी और गहनिया जलाशय को प्राथमिकता दी जा रही है इन पर पहले काम होगा।

**-रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता पीएचई

# एमआईसी ने 35 करोड़ के निर्माण सहित अन्य कार्यों को दी स्वीकृति




बैठक में उपस्थित महापौर, एमआईसी मेंबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में 35 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, निगम के सातों जोन के साफ-सफाई कार्यो सहित अन्य विविध कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई, वहीं महापौर श्रीमती राजपूत ने बैठक के दौरान निगम के विभिन्न प्रगतिरत, स्वीकृत व प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे.अन्य कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो में कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

निगम में आयोजित एमआईसी की बैठक में निगम के विभिन्न वार्डो में प्रस्तावित महत्वपूर्ण विकास व निर्माण कार्यो की स्वीकृत के साथ-साथ विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यो सहित निगम के अन्य विविध कार्यो से जुडे. प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल ने सर्वसम्मति से अपनी मुहर लगाई। बैठक के दौरान पं.रविशंकर शुक्लनगर विस्तार के अंतर्गत निर्मित आवासीय भवनों के व्ययन से जुड़े प्रस्ताव की स्वीकृति एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। इसी प्रकार निगम के भवन निर्माण कार्यो, नाली एवं सड़क निर्माण से जुडे.कार्यो, बीटी सड़क से जुडे.कार्यो को स्वीकृत दी गई। बैठक के दौरान निगम के कोरबा जोन, टीपीनगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, पं.रविशंकर शुक्लनगर जोन, बालको जोन, दर्री व सर्वमंगलानगर जोन अंतर्गत स्थित विभिन्न वार्डो में ठेके पर साफ-सफाई कार्य कराये जाने की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। इसी प्रकार स्वच्छता सिस्टम अवलोकन भ्रमण, बैंडमिंटन खेल एसोसिएशन को खेल राशि प्रदान करने, पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार में कार्यक्रमों के आयोजन, पैनल लायर की नियुक्ति आदि से जुडे.प्रस्तावों पर भी एमआईसी द्वारा आवश्यक निर्णय लिये गये, वहीं निगम कर्मचारियों के आवासगृह का मरम्मत, निगम क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्गो में 5 नग प्रवेशद्वार का निर्माण, निगम के स्वयं के पेट्रोल पम्प, वार्ड क्र. 34 डिपरापारा मोहल्ला बस्ती का नया नामकरण कमलविहार किये जाने, निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह परिसर में वाणिज्यिक परिसर विकसित किये जाने, आबादी क्षेत्र में पात्र हितग्राही प्रमाण पत्र हेतु अंतिम सूची, दादरखुर्द में सार्वजनिक रथयात्रा आयोजन, जल प्रदाय कार्य हेतु श्रमिक प्रदाय, जाति उद्घोषणा की स्वीकृति सहित अन्य विविध प्रस्तावों पर चर्चा की गई।




# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार जिला स्तरीय सोपान का शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिला क्रीड़ा अधिकारी जे के ग्वेल के निर्देशन पर खेलखुद का आयोजन प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी में आयोजित हुई। उक्त आयोजन को सम्पन्न कराने में ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती सावित्री डड़सेना, करतला ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र महतो, पौड़ी उपरोड़ा क्रीड़ा प्रभारी विशाल दुबे एवं व्यायाम शिक्षक राजेश पाण्डेय, कौशल सोनवानी,अमित तिर्की, भारद्वाज,गोपाल दास महंत,शर्मिष्ठा शर्मा,गोविंद केवट, पल्लवी तिर्की , बिजेन्द्र सिंह बैंस,बॉक्सिंग कोच अजीत शर्मा, ऑफिशियल अनुज अग्रवाल , मुस्कान जायसवाल,हार्दिक दुरेजा,प्रीति चौहान, शेन एलेक्स, शिवेंद्र प्रताप , एवं खेल अधिकारी दीनू पटेल सहायक क्रीड़ा अधिकारी रामकृपाल साहू,पूर्व सहायक क्रीड़ा अधिकारी के आर टंडन सफल आयोजन के लिए बधाई दिए।

# तीन सवारी वाहन चालक एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कार्रवाई करती पुलिस।

पुलिस अधीक्षक एवं सीएसपी दर्री के निर्देशन पर हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह के द्वारा अपने स्टाफ के साथ चौक चौराहों पर लगातार वाहन चेकिंग किया जा रहा है। अंबेडकर चौक हरदीबाजार में बुधवार शाम को तीन वाहन चालकों सहित शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले एवं बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है।

थाना में जब से नया थाना प्रभारी आशीष सिंह के आने के बाद हरदीबाजार क्षेत्र में बड़ी वाहन हो या छोटी वाहन चालक जो भी व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी चला रहा हो, तीन सवारी के साथ हो या बिना हेलमेट के ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है। ट्रेलर चालाक हो या फोर व्हीलर वाहन चालक सभी पर वाहन चेकिंग किया जा रहा है चेकिंग के दौरान जो भी शराब पीकर गाड़ी चला रहा हो या फोर व्हीलर चालक बिना बेल्ट लगाए गाड़ी चला रहा हो ऐसे लोगों को समझाइए देते हुए कार्यवाही किया जा रहा है। इस दौरान एसआई प्रदीप दिवान, एएसआई विजय सिंह, प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश बैंस वाहन चेकिंग जांच में अपना सहभागिता निभाये,इस दौरान निरीक्षक थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि तीन सवारी वाहन चालकों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही शराब पीकर गाड़ी चला रहा हो या बिना हेलमेट के गाड़ी चला हो उनके ऊपर कार्यवाही की जाएगी साथ ही चार पहिया वाहन हो या बड़ी वाहन हो जो बिना बेल्ट लगाए गाड़ी चला रहा हो ऐसे ड्राइवर के ऊपर कार्यवाही की जाएगी साथ ही शराब पीकर गाड़ी चलाते मिला उसके ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी।




## युवाओं को उद्योगोन्मुख कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ रहा है बालको

# वेदांता स्किल स्कूल से 13 हजार से अधिक युवाओं को मिला आत्मनिर्भरता का नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य में कुशल मानव संसाधन की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बालको ग्रामीण युवाओं, विशेषकर जनजातीय समुदाय के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। कंपनी द्वारा संचालित वेदांता स्किल स्कूल के माध्यम से युवाओं को उद्योगोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

कोरबा, सरगुजा और कवर्धा में संचालित इन प्रशिक्षण केंद्रों से अब तक 13 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिससे वे आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में अग्रसर हुए हैं। वेदांता स्किल स्कूलों में युवाओं को पूर्णतः निःशुल्क आवासीय व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बन सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जाते हैं। इन केंद्रों में वेल्डर, फिटर, हॉस्पिटैलिटी, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर पीवी तकनीशियन, मोबाइल रिपेयरिंग और इलेक्ट्रीशियन सहित सात प्रमुख ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वित्त वर्ष 2026 में 1202 युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा गया। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को फॉक्सकॉन, वेलस्पन, क्रॉम्पटन ग्रीव्स, अडानी, वोल्वो आइशर, बारबेक्यू नेशन तथा टाटा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग जैसी अग्रणी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं।

**युवा तकनीकी क्षेत्र में बना रहे कैरियर**

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बेंगलुरु में ऑपरेटर (एफएलएबी) के रूप में कार्यरत लाभार्थी निशा यादव ने कहा है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली एक लड़की के लिए तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाना आसान नहीं था, लेकिन वेदांता स्किल स्कूल ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि प्रतिभा और मेहनत का कोई लिंग नहीं होता। यहां मिले व्यावहारिक प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास और उद्योगों से जुड़ाव ने मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। महाराष्ट्र के धुले स्थित कृष्णाई होटल के फूड एंड बेवरेज विभाग में कैप्टन के रूप में कार्यरत लाभार्थी वंदना निराला ने कहा, वेदांता स्किल स्कूल ने मेरे जीवन को नई दिशा और नई पहचान दी। मैंने एक स्टुअर्ड के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी लेकिन यहां मिले प्रशिक्षण, संचार कौशल, पेशेवर व्यवहार और नेतृत्व क्षमता के विकास ने मुझे आज कैप्टन के पद तक पहुंचाया है।

